दिनांक : 29.08.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**संकेत धुन**

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं ...पूर्वा त्रिवेदी..

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के वार्षिक सम्मेलन की कल भोपाल में होगी शुरूआत।
- प्रदेश में खेलों बढ़ों अभियान की होगी शुरूआत, राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने की घोषणा।
- प्रदेश के चिकित्सीय संस्थानों की सुरक्षा को लेकर हुई समीक्षा बैठक, मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश।
- प्रदेश में 31 अगस्त के बाद फिर शुरू होगा बारिश का दौर,भोपाल सहित कुछ जिलों में कल हल्की बारिश के आसार।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**मुख्यमंत्री- सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आईएटीओ (इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स) के तीन दिवसीय 39वें वार्षिक सम्मेलन का कल भोपाल में शुभारंभ करेंगे। 'Resurgent India Inbound' थीम पर हो रहे सम्मेलन में देश भर के 1200 से ज्यादा टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट्स, होटेलियर सहित पर्यटन

क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश को क्लीन, ग्रीन और सेफ डेस्टिनेशन के रूप में प्रचारित किया जाएगा। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि शुभारंभ समारोह में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के पहले दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होगी। दूसरे दिन बिजनेस सेशन होंगे। एक सितंबर को सुबह 6 बजे वीआईपी रोड पर राजा भोज प्रतिमा से 'रन फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म' की शुरुआत होगी, होटल इम्पीरियल सेबरे चौराहा से होते हुए वापस प्रतिमा पर समापन होगा। IATO सम्मेलन के बाद 2 सितंबर को FAM टूर होंगे, जिसमें टूर ऑपरेटर्स एवं ट्रेवल एजेंट्स कोभोपाल, भोजपुर, भीमबेटका, पचमढ़ी, खजुराहो, इंदौर, उदय गिरी, सांची जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

चिकित्सा संस्थान

प्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा ने आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से चिकित्सकीय संस्थानों में सुरक्षा और इससे संबंधित उपायों के बारे में प्रदेश के सभी संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकीय संस्थानों में चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, मरीजों आदि की सुरक्षा के

लिए चाक-चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी चिकित्सकीय संस्थानों में निगरानी एवं सुरक्षा के समुचित इंतजाम सुनिश्चित किए जाए। सीसीटीवी कैमरों, प्रवेश नियंत्रण प्रणालियों और सुरक्षा कर्मियों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुक्रम में प्रदेश की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं एवं शासकीय चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय में कार्यरत समस्त चिकित्सा कर्मियों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

खेलो बढ़ो अभियान

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रदेश में जल्द 'खेलो-बढ़ो' अभियान शुरू करने की घोषणा की। भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हर गांव-शहर में खेल हो और खेल प्रतिभाएं आगे आये। इसके लिये हर पंचायत स्तर पर खेल संरचनाएं विकसित होगी। उन्होने कहा कि सरकार खेल की अधोसंरचना और खिलाड़ियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। मंत्री श्री सारंग ने कहा खेल प्रतिभाओं को शासकीय नौकरी भी उपलब्ध करवाई जायेगी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो इंदौर ने सांई बाबा पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस

अवसर पर पुलिस संगठन के सहयोग से प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेल के प्रति जागरूकता लाने के उदेश्य से एक जागरूकता रैली भी निकली गई।

कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी के थाना जी.आर.पी के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मारपीट के एक पुराने वीडियो के पर कहा है कि इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि मामले के संज्ञान में आने पर तुरंत DIG Rail को जांच हेतु मौके पर भेजने का निर्देश दिया गया है। प्रारंभिक जांच अनुसार तत्कालीन थाना प्रभारी जी.आर.पी कटनी सहित एक प्रधान आरक्षक और चार आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यह सुनिश्चित हो कि भविष्य में इस तरह के कदाचार की पुनरावृत्ति नहीं हो। जबलपुर रेल एसपी शिमला प्रसाद ने कहा की थाने में मारपीट से जुड़े मामले की जांच शुरू हो चुकी है। एसपी के अनुसार जीआरपी एसडीओपी श्री मार्को को जांच का जिम्मा सोपा गया है।

मातृ वन

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज एक_पेड़_माँ_के_नाम अभियान

के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा में पौधारोपण किया। श्री चौहान ने बताया कि मंत्रालय लगभग 1 एकड़ भूमि में “मातृ वन” स्थापित करेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देशभर में आज कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत 800 से अधिक संस्थानों ने भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान 3000-4000 पौधे लगाए जाएंगे। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहा है कि सितंबर 2024 तक देशभर में 80 करोड़ पौधे और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाए जाएं।

## युवा संसद

पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय पीठ द्वारा कल प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालयों के छात्र शामिल होंगे। कार्यक्रम कुलगुरू एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल में होगा।

राजस्व प्रकरण

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि अगले दो दिन में लंबित प्रकरणों का शत्- प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व महाभियान के दूसरे चरण में राजस्व अधिकारियों ने अब तक रिकार्ड 43 लाख 92 हजार 222 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दूरूस्ती के प्रकरण सभी जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक का निराकरण किया जाना सराहनीय कार्य है। महाभियान 31 अगस्त को पूरा होगा। अभियान की शुरूआत से अब तक राज्य, संभाग, जिला और तहसील स्तर पर महाभियान के क्रियान्वयन की रोजाना की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा महाभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

रेल मंत्री

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिल कर इंदौर शहर में रेलवे सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न विकास कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। साथ ही

सिंहस्थ 2028 महापर्व के अंतर्गत प्रस्तावित्त एम.आर.-10 पर अतिरिक्त 4 लेन आर.ओ.बी.एवं एम.आर.-12 के आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के लिए भी अनुरोध किया।

मौसम

प्रदेश में 31 अगस्त से एक फिर तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून ट्रफ समेत अन्य सिस्टम प्रदेश से दूर हैं। इस वजह से अगले 24 घंटे में प्रदेश में बारिश की खास एक्टिविटी नहीं रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल सहित 35 जिलों में तेज हवा के साथ बौछारे पड़ने के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में इन्दौर और रीवा संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर के मझौली में एक मकान की दीवार गिरने से पति-पत्नी की मौत हो गई। घटना में मृत दंपती के परिजनों को जिला प्रशासन ने चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की।
- खरगोन जिले में भी निवेश प्रोत्साहन केन्द्र खोला जाना है। इस संबंध में आज कलेक्टर की अध्यक्षता में निवेश से जुड़े विभागों के अधिकारियों एवं उद्यमियों की बैठक आयोजित की गई।

- राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् जनसमुदाय में जागरुकता प्रसारित करने के उद्देश्य से खण्डवा में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।
- अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आवासीय शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद, इन्दौर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 29 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 सितम्बर है ।

.....................